
RNI: MPHIN/2023/88510

# भोपाल हेडलाइंस




संपादकः- संतोष योगी वर्ष-01 अंक-11 भोपाल, सोमवार 30 जून 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मोबाईलल नं. 9993268143

## सिन्दूर का सम्मान' काव्यांजलि 30 जून को, युद्ध क्षेत्र में कार्यरत सैनिकों के परिवारों, विशिष्ट नारियों, कवित्रियों को किया जाएगा सम्मानित





भोपाल, लायंस क्लब भोपाल संस्कार एवं कुलश्रेष्ठ समाज विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय श्री रवीन्द्र प्रकाश कुलश्रेष्ठ की स्मृति में ÷सिन्दूर का सम्मान÷ विषय पर 13वीं काव्यांजलि का आयोजन 30 जून सोमवार को मानस भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल में सायं 5 बजे से होगा। इस गरिमामय अवसर पर वर्ष 1965 में स्व. श्री कुलश्रेष्ठ द्वारा संपादित ÷सर्वश्रेष्ठ रुबाइयां÷ पुस्तक के पुनः प्रकाशन का भव्य विमोचन किया जायेगा। साथ ही, देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा, जिससे समारोह राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सरोकारों का सशक्त प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में ÷विशिष्ट नारी सम्मान÷ के अंतर्गत समाज सेवा, शिक्षा और आध्यात्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या जैन दीदी, ब्रह्मकुमारी खुशबू दीदी एवं श्रीमती सुनीला शर्मा को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री विश्वास सारंग उपस्थित रहेंगे। साथ ही सम्माननीय अतिथि के रूप में मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर एवं लायन कुलभूषण मित्तल एवं लायन जेपीएस जौहर भी समारोह की शोभा बढाएंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अली अब्बास उम्मीद, लायन जेपीएस जौहर तथा डॉ. सीमा सक्सेना ,लायन एल एन सक्सेना,श्री हरमोहिंदर सिंह बेदी मंच पर उपस्थित रहेंगे। काव्य गोष्ठी में सुश्री श्रद्धा शौर्य (नागपुर), प्रमोद तिवारी, श्रुति जैन, एम एस खान एवं एडवोकेट हर्ष कुलश्रेष्ठ जैसे आमंत्रित कवियों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध होंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रमेश श्रीवास्तव करेंगे, समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, साहित्यप्रेमी एवं आमंत्रित अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजक–‍ *लायन दिनेश धीर, अध्यक्ष ङ्क लायंस क्लब भोपाल संस्कार* -लायन सुयश कुलश्रेष्ठ,9826017878

## हज से वापस आये हाजियो का सकलैनी मस्जिद मे हार फुल, शॉल से किया इस्तकबाल सब ने मिलकर की मुलक मे अमनो अमान खुश हाली के लिये दुआ

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल अशोका गार्डन 80 फिट रोड इस्थत सुन्नी सकलैनी जामा मस्जिद वा एहले सुन्नत वल जमात के सदर हजरत सूफी नूर उद्दिन सकलैनी सहाब ने बताया की दारूस सकलैन फाउंडेशन की जानीब से हर साल की तरह इस साल भी हज से वापस आये हाजियो के लिये एक नुरानी मेहफिल सजाई जिस मे बेशुमार हाजी हजरात ने शिरकत की मेहफिल का आगाज कुराने पाक से हजरत हाफिज शाहीद सकलैनी साहब ने किया वही ऊबेद सकलैनी ने मिया हुजुर ओर नूर ककरालवी साहब का लिखा



नातिया कलाम पेश किया मोलाना अरीफ सकलैनी साहब ने हज ओर हाजियो की फज़ीलत पर बयान किया तमाम हाजीयो की हार फूलो से गुल पोशी की ओर इस खुशी के मोके पर दारूस सकलैन फाउंडेशन की जानीब से हाजियो को हजरत हाफिज मुबीन मिया सकलैनी सहाब ने शराफातुल ओलिया वा शह सकलैन मिया की दिनी खीदमत किताब तोहफे मे दी ओर मुलक मे अमनो अमान खुशहाली के लिये खुसुसी दुआ की इस नुरानी मेहफिल मे विशेष रुप से मदिना तुल ऊलुम के खजांची हाजी दिलावर हुसेन सहाब सकलैनी जामा मस्जिद के सचिव हाजी यूसूफ सकलैनी साहब सय्यद शाकिर अली ,जाफरी सहाब मदिना तुल ऊलुम कमेटी के जनाब सैय्यद अजहर, हशीमी सहाब,मस्जिद कमेटी के हाजी हारून सहाब ।के साथ बेशुमार लोग मोजुद रहे ।।

## दो जिलों के बीच में आने वाली सड़क कई वर्षों से नहीं हुआ निर्माण

### जिम्मेदार अधिकारी चुप और नेता मंत्री लगे अपनी रोटियां सेकने में

संवाददाता राहुल झांजा

टोकखुर्द/भोपाल हैडलाइंस यह मामला देवास जिले की सोनकच्छ विधानसभा का है जहां देवास उज्जैन दो जिलों के बीच में आने वाली सड़क का है जो कि कई वर्षों से निर्माण कार्य नहीं हुआ। नेता मंत्री सिर्फ भाषण के बल पर वोट लेना जानते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से पलटी मारते हुए नजर आ रहे हैं। ग्रामीणजनों द्वारा बताया गया है कि कई बार हमने सोनकच्छ विधायक एवं तराना विधायक दोनों को आवेदन एवं निवेदन कर चुके हैं। पर इस सड़क का अभी तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। कई बार सांसद महोदय को भी अवगत करवा दिया गया है। लेकिन सांसद और विधायक दोनों ही अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आए। सड़क की बात करे तो यह सड़क



जसमिया से लेकर नर्सरी तक जाती हैं। जसमिया विधानसभा क्षेत्र सोनकच्छ जनपद पंचायत टोंकखुर्द ग्राम पंचायत जसमिया में आती हैं। नर्सरी तराना विधानसभा क्षेत्र जिला उज्जैन में आती हैं। इस विषय में जब हमारे संवाददाता ने बात करनी चाहि तो ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हमारे वाहन पलटी खा चुके हैं। कई बार बीमार व्यक्ति की गाड़ियां भी पलटी खा चुकी हैं। हमारे माताए बहनों की डिलीवरी भी कई बार रास्ते में हो चुकी हैं उज्जैन मार्ग अस्पताल हमारे नजदीक ही होता है इसलिए हम सबसे ज्यादा सुविधा उज्जैन क्षेत्र में जाते हैं। जिम्मेदार व्यक्ति अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। विकास के नाम पर धुंधली चल रही हैं। उनके कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। एक बार नहीं कई बार चुनाव का समय आता है। हमारे नेताजी जी बड़े-बड़े वादे करते हैं। चुनाव निकल जाता है। इधर आकर भी नहीं देखते हैं। फिर ऐसा लगता है जैसे कि उनको साप सुग गया हो। वहीं ग्रामीणजन सरकार से यहां गुहार लगाते हैं कि हमारी सड़क निर्माण का कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण किया जाए।

## भोपाल संभागीय बैठक में पंडित चेतन भार्गव बने परशुराम सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री

### प्रदेशभर में सेवा विस्तार का लिया संकल्प, तीन लाख स्वयंसेवक तैयार करने का लक्ष्य

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल। परशुराम सेना की भोपाल संभागीय बैठक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें संभाग के छह जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से पंडित चेतन भार्गव को परशुराम सेना का प्रदेश संगठन महामंत्री मनोनीत किया गया। यह परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अनूप शुक्ल के मार्गदर्शन तथा संरक्षक मंडल ङ्क पं. जितेंद्र ओझा, पं. राकेश चतुर्वेदी, प्रेम गुरु, सुनील उपाध्याय, अजय मिश्रा एवं सुधीर पाराशर की सहमति से की गई। नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री पं. चेतन भार्गव का स्वागत परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया एवं महामंडलेश्वर अनिल आनंद जी महाराज नेने पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। इस अवसर पर



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पं. भार्गव जैसे कर्मठ कार्यकर्ता के नेतृत्व में परशुराम सेना को प्रदेशभर में नई गति मिलेगी। बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि पूरे प्रदेश में लगभग 3 लाख ग्राम स्तरीय स्वयंसेवकों की टीम गठित की जाएगी, जो समाज सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री बनने पर पं. चेतन भार्गव को अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

## तीन-तीन शिक्षा मंत्रियों के कार्यकाल में भी पूर्ण नहीं हो पाई शिक्षक भर्ती 2018

भोपाल इसे अभ्यर्थियों का दुर्भाग्य कहे या फिर मध्य प्रदेश में सभी वर्गों के प्रतिभावान युवाओं के साथ हुआ छल तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस भर्ती परीक्षा के काल में तीन-तीन शिक्षा मंत्री रहे फिर भी यह भर्ती प्रक्रिया आज तक पूर्ण नहीं हो पाई। यह युवाओं का दुर्भाग्य है अथवा सरकारी तंत्र की नाकामी आज तक इस संबंध में संबंधित विभाग के मंत्री जी ने और ना ही लोक शिक्षण संचनालय ने कोई कदम उठाया। बस अभ्यर्थियों को इधर से उधर घूमाते रहे। कई बार अभ्यर्थियों ने विसंगतियों और नियमों केसंबंध में अवगत कराया पर जिम्मेदार पदासित व्यक्तियों ने अनसुना कर दिया। मजबूर होकर अभ्यर्थियों को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। इन्हीं विषयों से संबंधित याचिकाएं पहले उच्च न्यायालय में तथा अब उच्चतम न्यायालय में, आज तक विचाराधीन है। 7 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद भी आज तक न्यायपालिका तथा विभाग के तथाकथित अधिकारियों द्वारा इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। वर्तमान में हजारों अभ्यर्थियों का जीवन चौपट होने के कगार पर है। 2018 में भर्तीयों का सिलसिला शुरू हुआ ,तब से लेकर आज तक मध्य प्रदेश में किसी भी विभाग की भर्ती पूर्ण नहीं हो पाई। मध्य प्रदेश की प्रत्येक भर्ती पर आज कई याचिकाएं उच्च न्यायालय में विचाराधीन है 2018 के बाद आज तक यह भर्तीयां पूर्ण नहीं हुई है जिनके कारण सभी वर्गों के प्रतिभाशाली युवा इसका मानसिक और आर्थिक रूप से शिकार हुए हैं। 2018 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थीयों कहना है कि शिक्षक भर्ती सितंबर 2018 मे आई थी तब इसके इसके नियम पुस्तिका में भी कहीं भी 27त्न ओबीसी आरक्षण का जिक्र नहीं था फिर भी गलत तरीके से लागू किया गया। यह तो एक सामान्य सी बात है कि जो नियम जिस दिन से आता है वह उसी दिन से लागू होता है ना की जो समय बीत चुका है उस पर नियमों को लागू किया जाए। अभ्यर्थियों की है मांग है कि 2018 की भर्ती को उस समय बनाए गए नियमों के आधार पर पूर्ण किया जाए।

## दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को रवींद्र भवन में हुआ

### 364 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित प्रतिभाओं के सम्मान से हम देश के भविष्य का सृजन करते हैं। इंदर सिंह परमार
### बिटिया श्रुतिका जैन ने दक्षिण-पश्चिम परिवार का नाम इतिहास में अंकित कर दिया। भगवानदास सबनानी

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल - रविवार का दिन दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यादगार बन गया। क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों का प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आयोजित हुआ। सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा का पाठ आचार्य प.श्री अमितानंद द्वारा किया गया, जिससे पूरा सभागार राममय हो गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह में प्रदेश की गौरव दक्षिण-पश्चिम विधानसभा निवासी



श्रुतिका जैन,सी.बी.एस.ई. ऑल इंडिया रैंक 2, प्रदेश रैंक 1 विशेष रूप से उपस्थित रही और विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। श्रुतिका जैन कार्यक्रम की आइकॉन रही। समारोह के मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग रहे। श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मैं सबनानी जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने मुझे यहां पर बुलाकर इतनी सारी प्रतिभाओं से मिलने का अवसर दिया। शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट का निर्माण कर सकता है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने शिक्षा नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है और हमें अपने संस्कारों के प्रति जागरूक होकर, उन्हें अपनी पहचान बनाने पर जोर दिया है। भारत अपने संस्कारों के कारण पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बनेगा। मैं सभी प्रतिभाओं और उनके अभिभावकों को बधाई देता हूं कि, उन्होंने हमारे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। अपने स्वागत भाषण में भगवानदास सबनानी ने सभागार में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का दिन मेरे लिए बहुत ही खास है, क्षेत्र के इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ देखकर मन प्रफुल्लित है, बिटिया श्रुतिका जैन ने दक्षिण-पश्चिम परिवार का नाम इतिहास में अंकित कर दिया । मैं माननीय मंत्री जी और सभागार में उपस्थित सभी लोगों को बताना चाहता हूं कि हमारा दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र प्रतिभाओं के साथ ही अपने ऐतिहासिक स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है।

## अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल ने बीजेपी के धर्मनिरपेक्षता वाले बयान की निंदा

भोपाल अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल ने बीजेपी के धर्मनिरपेक्षता वाले बयान को लेकर कहा है कि यह बीजेपी भारत देश के आधे से ज्यादा आबादी वाले समाज के साथ कुठाराघात कर रही है, इस बयान से ऐसा महसूस हो रहा है कि आरएसएस,बीजेपी वालो को संविधान चुभता है



क्योंकि संविधान समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। RSS-BJP को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और ग़रीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताक़तवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। श्री पटेल ने कहा है कि ये एजेंडा बीजेपी का असली चेहरा उजागर करता है! जब आरएसएस और बीजेपी के नेता भारतीय संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्द हटाने की बात करते है